Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-05-2023 | अंक 575

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### 32 वर्षीय युवक ने किया विषपान, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो निवासी सुनील रविदास उम्र 32 वर्ष पिता धनेश्वर रविदास घरेलू विवाद से परेशान होकर विषपान कर लिया। जिससे वह गंभीर हो गया। आनन – फानन में परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### खड़ी टेलर से बस टकराई 20 यात्री घायल, सभी का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ इलाज



**अपेम लाइव : बरही**

बीते रात औरंगाबाद से कोलकाता जा रही बस करियातपुर में खड़ी एक टेलर से टकरा गई। जिसके कारण बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। घायलों में सुकुर सिंह 55 वर्ष, विश्वनाथ सिंह 53 वर्ष, मृत्युंजय सिंह 25, वर्ष मधु सिंह 30, वर्ष निशा सिंह 20 वर्ष, निर्मला देवी 47 वर्ष, मीरा सिंह 25 वर्ष ,श्याम सुंदरी 45 वर्ष, रणजीत सिंह 26 वर्ष ,मोहम्मद शाहनवाज 35 वर्ष, किरण नाथ प्रसाद सिंह 52 वर्ष, निर्मल सिंह 45 वर्ष, अनिल कुमार 35 वर्ष ,गुड्डू सिंह 36 वर्ष आदि शामिल थे। पुलिस एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डीएस डॉप्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि किसी को कोई गंभीर चोट नहीं थी। ठीक होने के बाद सभी की छुट्टी दे दी गई।

### वज्रपात से एक मवेशी की मौत, मालिक घायल



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के अरारी पंचायत के रूपीडीह गांव में 26 मई को बारिश के साथ वज्रपात गिरने से एक गाय की मौत हो गई और एक बुजुर्ग घायल हो गए. घायल बुजुर्ग का नाम मवेशी मालिक हीरामन दास है. बारिश होते देख बुजुर्ग गाय को गोहाल में घुसाने लगा. इसी दौरान वज्रपात हुआ, जिससे गाय की मौत हो गई और बुजुर्ग घायल हो गए. गोहाल घर के निकट ही बना है. वज्रपात से घर के अन्य कई सदस्य भी बाल-बाल बच गए. घायल अवस्था में हीरामन को बिरनी के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है.

APEM LIVE

# नक्सलियों ने मचाया उत्पात, निर्माण कार्य में लगे पोकलेन समेत चार वाहनों को किया आग के हवाले

## कोयल शंख जोन के रिजनल कमेटी ने पर्चा छोड़कर इस घटना की ली जीमेदारी

**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर पंचायत स्थित सरनाडीह के बूढ़ा नदी पर आरईओ विभाग के द्वारा 3 करोड़ 60 लाख की लागत से पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है।जहां गुरुवार देर रात 12-14 की संख्या में हथियारों से लैंस माओवादी पुल निर्माण साइड पर पहुंचे, घंटो जमकर उत्पात मचाया, साइट पर मौजूद मजदूर इरफान, मुस्तकिम, नेसार साथ मारपीट किया।मजदूरो ने बताया कि मारपीट करने के बाद साइड पर खड़े ट्रैक्टर से ही तेल निकालकर खड़ा एक पोकलेन और चार ट्रैक्टरो में आग दिया। साथ काम बंद करने की धमकी दिया गया, कहा कि ठेकेदार को






कहना कि बिना लेवी दिये अगर काम शुरू होता है,तो अंजाम बहुत बूरा होगा। वही पोकलेन को किराए पर लाया गया था। ट्रैक्टर महुआडांड के शंभू प्रसाद, राकेश प्रसाद, सोनू कुमार और खिस्तोफर कुजूर का बताया गया। मालिको ने कहां कि किराये पर ट्रैक्टर ठेकेदार को दिया गया था।वहीँ शुक्रवार की सुबह महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी आशुतोष यादव फोर्स एवं जिला बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, आगजनी की घटना का निरीक्षण के दौरान माओवादियों द्वारा छोड़े गये पर्चे पुलिस की हाथ लगी, पर्चे में इस घटना की जिम्मेदारी कोयल शंख जोन के रिजनल कमेटी ने लिया है। माओवादियों द्वारा लेवी को लेकर महुआडांड़ क्षेत्र में एक साल में चार घटना को अंजाम दिया ज्ञात हो कि पहली घटना बांसकरचा से कुरो मोड़ तक पथ निर्माण कार्य कर रहें कंपनी मिनी कंस्ट्रक्शन द्वारा बांसकरचा सीआरपी कैम्प से महज आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित बने प्लांट में माओवादियों द्वारा प्लांट में खड़ा 2 जेस.ीबी, एक पोकलेन, चार पानी टंकी वाहन, एक ट्रेलर, एक 407 और साथ हॉट मिक्स प्लांट में भी आग लगा दिया गया था. दूसरी घटना 27 मार्च 2023 मिनी कंस्ट्रक्शन के मुंशी के साथ बराही नदी में पुल निर्माण साइट पर जाकर मारपीट किया गया था. तीसरा घटना, 30 मार्च को पुनरू बराही नदी पुल निर्माण साइट फिर मजदूरों के साथ माओवादियों ने मारपीट किया था।इस संबंध में महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि केश दर्ज कर लिया गया है, घटनास्थल के पास जो पर्चा मिला है। उसमें कोयल शंख जोन रिजनल कमेटी ने जिम्मेदारी लिया है। इस घटना को अंजाम देने के पिछे उग्रवादीयों का मकसद लेवी वसूलना एवं हो रहे विकास कार्य को बा. धित करना, साथ लोगों में खौफ पैदा करने के इरादा है। सर्च अभियान जारी है।

# डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान, अवैध कोयला लदे 3 ट्रक जब्त

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं बालूमाथ थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार की देर रात्रि की गई एवं बालूमाथ में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ई- परिवहन चलान की अवधि समाप्त होने के उपरांत अवैध रूप से कोयला ले जा रहे तीन वाहनों को पकड़ा गया एवं वाहन में लदे 89 एमटी कोयले को जप्त कर लिया गया ,तत्पश्चात जिला खनन पदाधिकारी द्वारा



वाहन मालिक चालक एवं अवैध कोयला परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।जांच अभियान के क्रम में वाहन निबंधन संख्या जेएच01ईजेड-1707, एनएल 01क्यू-4159 एवं जेएच02बीएल-6737 वाहनों द्वारा कोयला ले जाया जा रहा था, चालक से कोयला संबंधित काग. जातों की मांग की गई तो उपलब्ध कराए कागजात में पाया गया कि ई -परिवहन चलान समय अवधि समाप्त हो जाने के उपरांत कोयला ले जाया जा रहा है अन्य कागजातों को भी नहीं पाया गया इसके उपरांत जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण को लेकर बालूमाथ थाना में तीनों वाहन चालक वाहन मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई साथ ही संयुक्त व्यक्तियों की पहचान करते हुए अविलंब कार्रवाई की भी बात कही गई।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही : पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**



पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी प्रोफेसर के.पी शर्मा की माता के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने डोमचांच जा रहे थे। इसी क्रम में बरही चौक पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता भगवान केशरी, भाजपा मण्डल महामंत्री नवल किशोर सिंह, रितेश गुप्ता, गोपाल राणा, नरेश राणा, भाजपा यूथ मण्डल अध्यक्ष अमित सिंह, आकाश रजक, भाजपा एससी मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, अमित सिंह, सुबोध केशरी, शिव निषाद, अशोक निषाद, मनितोष यादव, सचिन यादव, रंजीत यादव, अनुज रविदास, इमरान खान, सिक्की यादव, कार्तिक कुमार, विक्रम पाण्डेय, राजू निषाद, कौशल निषाद, अमित सिंह उर्फ़ छोटू, सौरभ सिंह, गौरव मिश्रा, दिलीप यादव, बीरेंद्र रविदास एवं नंदू साव सहित दर्जनों अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## लसकरी : भगवती मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में भगवती मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बीते दिन बुनियाद भी कटवा दिया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया गांव में भव्य भगवती मंदिर का निर्माण किया जाएगा । जिसका अनुमानित लागत 20 - 25 लाख रुपया है। विदित हो की पुरानी भगवती मंदिर का निर्माण लगभग 70 वर्ष पूर्व किया गया था। साथ ही कई जगह से पानी का रिसाव भी होने लगा था। जिसको देखते हुए भगवती मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं इस मंदिर निर्माण कार्य में सभी सनातनी जोर - शोर से जुट गए है। मौके पर जानकी रजक, संदीप कुमार, नरेश प्रजापति, कैलाश प्रजापति, अमन कुमार, पीयूष कुमार एवं प्रिंस कुमार मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने 132 केवी टावर बनाए जाने का रोका काम

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कीता, कुरो कला, और कुरो खुर्द ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को 132 केवी लाइन टावर बनाए जाने हेतु जेसीबी से हो रहे कार्य को रोक दिया।मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस बल कार्यस्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बताया कि बिना ग्रामीणों के सहमति के चौनपुर सब ग्रिड में ले जाने हेतु 132 केवी का टावर खड़ा कर हमारे कीमती और खेती योग्य भूमि को बर्बाद किया जा रहा है,जिसका हम सब विरोध कर रहे है। विभाग द्वारा इससे पूर्व लाइन ले जाने हेतु की जाने वाली सर्वे की सूचना भी नही दी गई थी इसलिए हम सब ग्रामीणों की मांग है कि 132 केवी लाइन का स्थान परिवर्तित कर लाइन को अन्यत्र जगह से ले जाया जाए। कई जगहों पर ज्ञापन के माध्यम से हम सब ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताई है।लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ।थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने 132 केवी लाइन के टावर नही बनने से होने वाले नुकसान के बारे में ग्रामीणों को बताया और समझाने का प्रयास किया साथ ही विभाग द्वारा जमीन के एवज में मुआवजा की बात कही।जिसपर ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें किसी तरह का कोई मुआवजा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है और वह टावर बनाने हेतु अपनी जमीन भी नही देंगे साथ ही ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।जिसके कारण मामले का हल नहीं निकल पाया, अंत में थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी एसडीओ, बीडीओ और ग्रामीणों संग बैठक कर मामले का हल निकालने की बात कही। गौरतलब है कि चौनपुर ग्राम में विद्युत सबग्रिड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है,जिसके शुरुवात हेतु 132 केवी लाइन ट०वर बना कर बिजली आपूर्ति किया जाना है परंतु प्रखंड के कुरो कला, कुरो खुर्द और कीता ग्राम के ग्रामीणों के विरोध के कारण टॉवर निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है जिसके कारण चौनपुर ग्राम में बनाए जा रहे सब ग्रिड में लाइन सप्लाई का कार्य पूरा नही हो पा रहा है।

## अकांक्षा परीक्षा में जिला टॉपर बना सतीश यादव, राज्य में लाया 29वां रैंक, प्रखण्ड से तीन बच्चे सफल

**अपेम लाइवः चौपारण**



आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानो में एडमिशन की तैयारी के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए आकांक्षा कोचिंग के लिए जैक में परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राज्य व जिला स्तर पर 40 - 40 स्टूडेंट का चयन किया जाता है। जारी प्रवेश परीक्षा परिणाम में चौपारण प्रखण्ड से तीन बच्चों ने सफलता हाशिल किया जिसमे अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ में अध्ययनरत सतीश कुमार यादव ने जिले में पहला स्थान व ऑल ओभर झारखण्ड में 29वां रैंक हाशिल कर इंजीनियर बनने के सपने का पहला कदम बढ़ाया। वही डॉ ललन बाबु कस्तुरबा गांधी प्लस दो उच्च विद्यालय के छात्रा ओम कुमार रजक ने राज्य में 236वां रैंक हाशिल किया। तीसरी छात्रा चन्द्रकला देवी दागा स्कूल की छात्रा रिया कुमारी पिता आदित्य साव दर्जिचक की रहने वाली है। रिया ऑल ओभर झारखण्ड में 114वां रैंक हाशिल की है। इस संदर्भ में सतीश कुमार ने बताया कि शिक्षक मदन कुमार साव के सफल मार्गदर्शन का परिणाम है कि आज हम मैट्रिक में प्रखण्ड से दूसरे ट०पर रहे व आकांक्षा में परीक्षा में पहले स्थान पर रहा। वही डॉ ललन बाबु की प्राचार्या ममता कुमारी ने बताया कि हमारे विद्यालय ने प्रखण्ड का टॉपर दिया अब अकांक्षा में सफलता हाशिल किया।

## 10 वां स्थापना दिवस पर घुज्जी मंडल का रक्तदान शिविर सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के माहुरी वैश्य महामंडल के 110 वें स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन माहुरी छात्रावास पचम्बा में किया गया । जिसमें जिले के अनेकों घुज्जी मंडल के सदस्यों ने भाग लिया तथा घुज्जी मंडल से चंदन माथुर,प्रिंस कुमार गुप्ता समेत 110 सदस्यों ने रक्तदान किया । इस अवसर पर पंकज कुमार गुप्ता,अमित गुप्ता,नवीन कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

**APEM LIVE**

## बड़कागांव पुलिस ने बालू लदा दो हाइवा जप्त किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : बालू कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की द्वारा निरंतर करवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार अहले सुबह लगभग 3रू30 बजे को दो बालू लदा हाईवा परिवहन करते हुए बड़कागांव चौक से पकडा गया। इस संदर्भ अग्रिम कारवाई हेतु हजारीबाग जिला खनन पदाधिकारी को अंचलाधिकारी बड़कागांव के माध्यम से समर्पित की गई है। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के बड़कागांव थाना क्षेत्र से किसी भी तरह का अवैध कारोबार नही करने दिया जाएगा। अवैध कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव पुलिस पूरी तरह से चौकस है।






## इंडियन एंथम स्कूल के सभी 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, सोनू कुमार 434 अंकों के साथ स्कूल टॉपर


सुधाकर यादव, निदेशक


इंडियन एंथम स्कूल के सफल टॉप सिक्स विद्यार्थी

**अपेम लाइव : बरही**

बरसोत पंचायत के श्रीनगर में संचालित इंडियन एंथम स्कूल के विद्यार्थियों ने जैक 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल सभी 16 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के सोनू कुमार 434 अंक लाकर स्कूल टॉपर हुआ है। विद्यालय के निदेशक सुधाकर यादव ने बताया की इस वर्ष उनके विद्यालय से कुल 16 विद्यार्थियों ने 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमे सभी शत प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में सुजीत कुमार 413,सुधांशु कुमार 406, सुधा कुमारी 403, शिवानी कुमारी 395, प्रभात टुड्डू 394, सुधीर साव 393, पवन कुमार 391, सूरज कुमार 390, रूपा कुमारी, 364, नीतू कुमारी 354, मायावती कुमारी 352, अनीशा कुमारी 350, नीतू कुमारी 339, स्वेता कुमारी 337 अंक शामिल हैं। विद्यालय के बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर निदेशक सुधाकर यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल बच्चे एवं मार्गदर्शन मंडल के शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी है। विद्यालय के शिक्षक सुनील सोनी, हरिशंकर शर्मा, घनश्याम प्रजापति, राजेश कुमार , देवनंदन साहू, राधे रमन मिश्रा,लक्ष्मी चौरसिया, बिंदु मिश्रा, अनुप्रिया कुशवाहा, अर्चना कुमारी, दीपा कुमारी, ऋचा गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जैक 10 वीं बोर्ड में गांधी हाई स्कूल करियातपुर के 120 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास

### अमीषा कुमारी 428 अंक के साथ विद्यालय टॉपर, शिवम केशरी 426 विद्यालय का सेकंड टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**



करियातपुर में संचालित गांधी हाई स्कूल के बच्चों ने जैक 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। अमीषा कुमारी 428 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर हुआ है। वही शिवम केशरी 426 अंक लाकर विद्यालय का सेकंड टॉपर रहा है। वहीं रोहित कुमार 421 अंक लाकर विद्यालय का थर्ड ट0पर एवं सोनू कुमार 420 अंक लाकर फोर्थ ट0पर होने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक निजामुद्दीन अकेला ने बताया की उनके विद्यालय से जैक 10 वीं बोर्ड में 123 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इसमें 120 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में प्रियंका 412,चांदनी 400, अनमोल। 415,अंकित 414,शिवम 426,मोहित 407, सोनू 420, रोहित 421, खुशी 356, पूजा 341,लक्ष्मी 320,सुमन 375, मुस्कान 372,साहिन प्रवीण 380, रूपा 412, प्रियंका 383,प्रीति 346, खुशबू 352 संध्या 385, रूपा 354, सुमन 375, ज्योति 365, प्रीति 361, रानी 387, नेहा 362, शिवानी 398, पुष्पा 363, सानिया 350, ज्योति 377, लक्ष्मी 348, कलावती 365, नीतीश 359, धौनी 398, नितेश 370, मनीष 354, अमित 358, अंशु 377 अंक के साथ शामिल हैं। बेहतर प्रदर्शन पर निजाम.ुद्दीन अकेला ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संगम इंटर कॉलेज बसरिया की टॉपर बनी शिखा

**अपेम लाइवः चौपारण**







झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा मंगलवार को 10वीं और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें प्रखंड के बसरिया पंचायत में संचालित संगम इंटर क0लेज की शिखा कुमारी पिता राजू साव (महुवाबाद) 427 अंकों के साथ बनी क0लेज ट0पर, वहीं विकास यादव पिता स्वर्गीय मन्नू यादव (ब्रह्ममोरिया)426 अंकों के साथ दूसरे टॉपर बने, साक्षी कुमारी पिता सहायक अध्यापक कैलाश यादव (पडरिया)405 अंक लाकर तीसरे टॉपर बनीद्यसंगम इंटर कॉलेज के डायरेक्टर प्रकाश रजक ने बताया कि जिस प्रकार से हमारे सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान शत प्रतिशत रिजल्ट देते आ रहीद्यउसी को देखते हुए 2021 में इस क0लेज की स्थापना हुईद्यजिसमें सत्र 2021-23 में कुल 110 विद्यार्थियों ने नामांकन करवाया थाद्यजिसमें 52 विद्यार्थी साइंस में नामांकन करवाए थेद्यजिसमें सभी विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास किएद्यजिसका सारा श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, हमारे शिक्षित माहौल और शिक्षकों को जाती है और बताते चलें कि इस क0लेज में सभी विषयों के अलग-अलग और अनुभवी शिक्षक सभी हजारीबाग के हैं जिसके कारण यहां का रिजल्ट शत प्रतिशत रहाद्यनए सत्र 2023-25 के लिए नामांकन लिया जा रहा है जिसका क्लास 1 जून से शुरू किया जाएगाद्य इस बार मैट्रिक बोर्ड दे चुके विद्यार्थी आए और नामांकन करवाएं और 1 जून से क्लास करेद्यआप लोगों के अच्छे रिजल्ट के लिए यह कॉलेज हमेशा तत्पर रहेगीद्य कॉलेज के मैनेजमेंट शिक्षक अर्थात कंप्यूटर साइंस के शिक्षक राजू सर ने बताया की विद्यार्थियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में साइंस का शिक्षा देना और रिजल्ट शत-प्रतिशत करवाना किसी चुनौती से कम नहीं है और इस ग्रामीण क्षेत्र से लड़कियों को हजारीबाग भेजकर पढ़ाना सभी अभिभावकों के लिए संभव नहीं हैद्यइसलिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षित करवाना और साइंस पढ़ाना हमारा उद्देश्य हैद्यऔर बता दे कि इस क्षेत्र के कुछ विद्यार्थी हजारीबाग भी पढ़ने गए थेद्यलेकिन उन लोगों को टक्कर देते हुए और ग्रामीण क्षेत्र में रहकर यहां के बच्चे उन लोगों से काफी आगे निकलेद्यअच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं ऋषभ कुमार 400 खुशबू कुमारी 397 सुजाता कुमारी 395 पूनम कुमारी 390 प्रियंका कुमारी 387 पुष्पा कुमारी 380 प्रीति कुमारी 376 पिंकी कुमारी 375 राहुल रजक 372 तनु कुमारी 368 गायत्री कुमारी 364 नारायणी कुमारी 364 निशु कुमारी 362 आरती कुमारी 360 पुष्पा कुमारी 360 अंशु कुमार 355 सोनिया कुमारी 349 प्रियांशु सिंह 339 रिया कुमारी 338 नेहा कुमारी 334 रवि कौशल 333 इत्यादिद्यसेकंड टॉपर विकास यादव ने बताया कि कौन कहता है ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ाई नहीं होती पढ़ने वालों की मेहनत और पढ़ाने वाला का जज्बा होना चाहिएद्यतो ग्रामीण क्षेत्र हमेशा शहरी क्षेत्र से आगे रहेगीद्यटॉपर शिखा कुमारी ने बताया कि टॉप होने का कारण हमारे माता पिता का आशीर्वाद मेरी मेहनत गुरुजनों का मेहनत और आशीर्वाद रहा है मेरा उद्देश्य है की हम आईएएस बने और समाज और देश की सेवा कर सकेद्यरिजल्ट बेहतर करने में हजारीबाग के अनुभवी शिक्षक अमित सर,राजू सर,गणेश सर,दिलीप सर और विश्वनाथ सर सभी का शत प्रतिशत योगदान रहा है सभी शिक्षक सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए

## मिशन लाइफ कैंपेन शुरू, बीडीओ नें स्वस्थ पर्यावरण की दिलायी शपथ

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : गारू प्रखंड में भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर मिशन लाइफ कैंपेन की शुरुआत की गयी है। शुक्रवार को गारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आने वाली पीढ़ियों की बे.हतरी के लिए हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकाश पदाधिकारी प्रताप टोप्पो नें किया। कार्यालय कर्मियों के साथ प्रभारी कार्यक्रम पदाधिकारी प्रिंस कुमार सिंह,बीपीएम विक्रांत कुमार, सभी पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक को हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए शपथ दिलाई गई. ।इस अवसर पर बीडीओ प्रताप टोप्पो ने लोगों को ऊर्जा बचाने, पानी बचाने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषणयुक्त भोजन, कूड़ा-कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली व इलेक.ट्रॉनिक कचरा कम करने की बात कही। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। मौके पर प्रखंड के कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जनसेवकों ने मंत्री भोक्ता को सौंपी ग्यारह सूत्री मांग पत्र

### झारखण्ड में हेमन्त सरकार में सभी को मिलेगा न्याय : मंत्री

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी /चतरा : कृषि विभाग द्वारा जनसेवकों के ग्रेड कम करने एवं अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 18 दिनों से समाहरणालय, चतरा के समीप हड़ताल पर बैठे जनसेवकों से धरना स्थल पर माननीय मंत्री श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग श्री सत्यानंद भोक्ता ने मुलाकात कर न्याय दिलाने का वादा किया। श्री भोक्ता ने कहा कि जनसेवक 11 वर्षो से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सरकार के विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं और ऐसे में वेतन बढ़ाने के बजाय ग्रेड पे कम कर देना जनसेवकों के साथ न्यायोचित नहीं है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा एवं जनसेवकों का हड़ताल तुड़वाया जाएगा। मंत्री भोक्त ने कहा कि झारखण्ड में हेमन्त सोरेन की सरकार है और इस सरकार में किसी के साथ गलत नहीं होगा अभी को न्याय मिलेगा।मौके पर एस डी एम मुमताज़ अंसारी के अलावा धरना स्थल में झारखंड राज्य जनसेवक संघ जिला ईकाई चतरा के अध्यक्ष नवीन तिर्की की अगुवाई में माननीय मंत्री जी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर चतरा जनसेवक संघ के सचिव रोहित कुमार, उपाध्यक्ष नवल किशोर, मीडिया प्रभारी अभिजीत घोष, प्रमोद कुमार, अविनाश लाल के साथ चतरा जिला के सभी जनसेवक मौजूद थे।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन को ले चला जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ के रेंगाई - पंचायत के पंचायत सचिवालय में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का कैम्प आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम से किया गया ।इस अवसर पर बीपीओ सुजीत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेन-देन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है। कहा कि इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए ।साथ हीं मुद्रा लोन पर भी चर्चा की गई। मौके पर हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक, उपमुखिया उर्मिला खलखो, शांति देवी, सखी मंडल की दीदी उपस्थित रहे ।

## महुआंड़ाड में फर्नीचर शोप का एसडीओ ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : महुआंडा़ड आजाद मार्केट सागर दुकान के पीछे क्लासिक फर्नीचर शोप का उदघाटन महुआंडा़ड अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन के द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घाटन के उपरांत क्लासिक फर्नीचर शोप के मालिक आफताब खान ने बताया कि हमारे दुकान में शोफा, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, डायनिं टेबल, अलमिरा, आफिस चेयर टेबल, इन्टीरियर डिजाइनिंग,टीबी युनिट समेत अन्य प्रकार के फर्नीचर उचित मूल्य पर उपलब्ध है। वहीं ग्राहकों को हमारे शोप में उनके द्वारा पसंद किया गया शोफा का कलर साईज उपलब्ध कराई जाएगी। हमारे ग्राहक जैसा भी शोफा पसंद करेंगे उन्हें बना कर दिया जाएगा। साथ ही हमारे ग्राहकों को सामग्रियों का होम डिलीवरी बिल्कुल मुफ्त दिया जाएगा। मौके पर आजाद अहमद, इस्तयाक अहमद, फहीम खान, हाफिज खालिद साहब, रानु खान,बसारत अली परवेज आलम,नुरूल अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विशेष शिविर का दूसरा दिन, प्लास्टिक हटाओ स्वच्छता अपनाओ पर दिया जोर





**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सूर्य मंदिर सामुदायिक भवन प्रांगण को साफ सफाई किया गया। ग्रामीणों ने भी सहयोग किया । स्वयंसेवकों ने लोगों को जागरूक करते हुए दृ प्लास्टिक हटाओ स्वच्छता अपनाओ का नारा दिया। कार्यक्रम स्वच्छता अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारप्रोफेसर सुरेश महतो के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दूसरे सत्र का विषय युवा नेतृत्व था। इसके प्रशिक्षक पूर्व मुखिया सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला थे। युवा नेतृत्वकर्ता को खेल खेल के माध्यम से नेतृत्व करने के बारे में बताएं। खेल से नेतृत्वकर्ता के 3 गुण विकसित होते हैं। पहला उदासीन नेतृत्वकर्ता, दूसरा लो. कतांत्रिक एवं सहयोगी नेतृत्वकर्ता तीसरा तानाशाही नेतृत्वकर्ता। खेल से स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन मिला एवं नेतृत्व की भावना जगी। प्रोफेसर ललिता कुमारी ने नारी शिक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाली । मौके पर उपस्थित डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ,प्रोफ़ेसर ललिता कुमारी ,स्वयंसेवकों में रणधीर कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार, शशि सुनीता, नीतू, विनीता, बबीता प्रियंका आंचल , सुमन ,लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सी डी पी ओ एवं कान्हाचट्टी बी डी ओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ किया बैठक

### सेविकाओं को दिया गया कई तरह का निर्देश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय सभाकक्ष में शुक्रवार को सी डी पी ओ सह सदर बी डी ओ गणेश रजक एवं कान्हाचट्टी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक किये।बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया गया कि बच्चो को एवं गर्भवत्ति महिलाओं को समय पर पोषाहार देना सुनिश्चित करें।वहीं कन्या दान योजना,सावित्री बाई फुले योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजना जो आँगनब०डी से संचालित है उसे समय पर फार्म भर कर उन्हें लाभ दिलवाया जाए।वहीं आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खोलने का भी निर्देश दिया।मौके पर सुपरवाइजर एवं सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। पर्यावरण के लिए जीवन कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षुओं ने बनासो बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया। बनासो चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित है तो जनजीवन सुरक्षित है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्र ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं जनसमूहों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जल, वायु, मृदा और ध्वनि से मानव का रिश्ता पुराना है। इन्हें संरक्षित कर इनको मित्र बनाना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याताओं की अहम भ. ूमिका रही। मौके पर बना. सो मुखिया चंद्रशेखर पटेल समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, संजय कुमार चौरसिया, ओमक. ारनाथ शर्मा, जितेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार अशोक झा, एसएच यादव, अदृश मुखर्जी, अजित कुमार, वीरेंद्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, चंदन कुमार, राजेश कुमार, सरोज कुमारी श्रीवास्तव, संतोष कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, लक्ष्मण कुमार, नाजरा खातून आदि मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में डालसा के तत्वावधान में 10 जून को होगा शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, डालसा हजारीबाग के तत्वावधान में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत प्रखंडस्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। डालसा सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 10 जून को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में आम लोगों को संविधान एवं विधि द्वारा प्रदान मौलिक अधिकार, सामान्य कानूनी प्रावधान सहित सरकार के द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया आदि के बारे में लोगों जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य, चिकित्सा, समाज कल्याण, पेंशन, राशन, बिजली, पानी, श्रम आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की शिकायतों की सुनवाई एवं समाधान कर आम लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जायेगा। शिविर में पैनल अधिवक्ता, सदस्य एलएडीसी. मध्यस्थ एवं सदस्य, स्थायी लोक अदालत समेत स्थानीय प्रखण्ड व अंचलस्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## बड़कागांव बेमौसम तेज हवा बारिश होने से दर्जनभर से अधिक बिजली खंभे क्षतिग्रस्त

### 40 घंटा से बिजली गुल आज देर शाम आने की संभावना





**अपेम लाइव : बडकागॉव**

बड़कागांव। गुरुवार देर शाम को बेमौसम तेज हवा बारिश होने के कारण बड़कागांव प्रखंड में पिछले 40 घंटों से बिजली पूर्णरूपेण से बाधित है। जिसके कारण मोबाइल चार्ज, इनवर्टर बैटरी चार्ज, टंकी में पानी भरने के लिए, बच्चों को पठन-पाठन , लघु उद्योग, कुटीर उद्योग पूर्ण रूप से बाधित है। बिजली नहीं रहने के कारण आम जनमानस गर्मी से त्राहिमाम है। हालांकि शुक्रवार 3:00 हल्की बारिश होने के कारण लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है ।

बताते चलें कि तेज हवा बारिश होने के कारण हजारीबाग सिंदूर से लेकर बड़कागांव-केरेडारी तक लगभग 40 से 50 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिसे बिजली विभाग के द्वारा लगातार सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। वही बड़कागांव के बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग से लेकर बड़कागांव केरेडारी तक लगभग 50 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं वर्कर को लगाया गया है लगातार काम जारी है, शनिवार देर शाम बिजली आने की संभावना है।

